# सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालना सरकार की प्राथमिकता : गडकरी

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की पूरे इस ऑपरेशन में पहली प्राथमिकता सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकालना है।



रविवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के पूरे ऑपरेशन का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता श्रमिकों की रक्षा कैसे करें? उनकी जो आवश्यकता है, उनको कैसे मिले? जो फूड आदि चीजें हैं, उनके पास पहुंच पाएं? इस पर तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में फूड और मेडिसिन पहुंचाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। यह कार्य जल्द पूरा होगा। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन की लाइन भी है। सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी रक्षा कैसे करें?

बिजली और पानी की व्यवस्था यह सब सपोर्टिंग हैं। कहने का मतलब यह है कि जितनी चीजों की आवश्यकता होती है, उनकी व्यवस्था पूरी कर ली गई हैं। यहां पर बहुत सी मशीनें पहुंच गयी हैं, जो पहला प्रयास हमने ऑगर ड्रिल मशीन का शुरू किया, जो अमेरिका में बनी हुई है। वह एक मशीन काम कर रही है। दूसरी भी मशीन है, पर वह मशीन अच्छा काम कर रही थी, लेकिन अचानक हार्ड मटेरियल आने के कारण थोड़ा सा चिंता का विषय हुआ है। अब उसका भी टेक्निकल सॉल्यूशन निकल गया है। वह मशीन से जो पाइप सुरंग के अंदर जाएगा, वह आखिरी तक पहुंच कर फिर वहां से लोगों को उसमें से बाहर निकालने का प्लान है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्टिकल भी तीन प्रकार के प्लान हैं। उसके लिए भी हमने कोई प्रयास ऐसा नहीं छोड़ा जो हम नहीं कर सकते थे। हमने सब प्रकार के प्रयास किए हैं। पहले हमारी प्राथमिकता है उन सभी श्रमिकों की जान बचाना और जल्द से जल्द उनको बाहर निकलना है तो इसके लिए अलग-अलग प्रकार की टेक्नोलॉजी काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री धामी ने उनका पूरी तरह से प्रेजेंटेशन और उसकी अभी तक की पूरी रिपोर्ट ले ली है। राज्य सरकार और भारत सरकार जहां भी जरूरत होगी, वहां एयरलिफ्ट करना हो या रोड बनाना हो, जिसकी आवश्यकता होगी, उसे पूरा किया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री धामी पहुंचे उत्तरकाशी के सिलक्यारा



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी और मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में चल रहे राहत एवं बचाव कार्य का स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा करने के लिए सिलक्यारा पहुंच गए हैं।

प्रदेश के मुख्य सचिव एसएस संधू भी उनके साथ हैं।

## कार्तिक मास में श्रीहरि और तुलसी पूजा अनन्त पुण्यफलदायी: रविन्द्र

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कार्तिक मास में कनखल राजघाट स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में हरि प्रसाद भण्डारे (खट्टे) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान की पूजा-अर्चना कर लोक कल्याण की कामना के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कार्तिक मास में भगवान हरि व तुलसी माता की महिमा को बताते हुए कहा कि कार्तिक मास में हरि और तुलसी पूजन से बड़ा दूसरा भवसागर से पार पाने का कोई उपाय नहीं है।

# टनल हादसा: टनल में वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए चार स्थानों की हुई पहचान

**सिलक्यारा सुरंग**

**8 -तकनीक के साथ आस्था का सहारा, ट्रैक बनाने का काम बीआरओ को सौंपा**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी की निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। सुरंग में वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए चार स्थानों की पहचान हुई है। इस हादसे निपटने को तकनीक के साथ आस्था का भी सहारा लिया जा रहा है। सुरंग के बाहर बौखनाग देवता का मंदिर स्थापित किया गया है। आज रविवार को रेस्क्यू आपरेशन आठवां दिन है। सुरंग में फंसे श्रमिकों का अब धैर्य भी जवाब देने लगा है।

रविवार को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुबह उत्तरकाशी के सिलक्यारा में रेस्क्यू कार्यों का जायजा लेने के लिए पहुंच गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने के बाद वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हेलिकॉप्टर से उत्तरकाशी पहुंचे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सिलक्यारा सुरंग का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद अब तक के कार्यों और प्लानों की समीक्षा कर रहे हैं।

हालांकि सिलक्यारा सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग के लिए चार अस्थायी मार्गों को तैयार कर लिया गया है। इसके बाद ऊपर एक पोकलैंड मशीन पहुंची है। सुरंग में फंसे मजदूर के रेस्क्यू में अभी चार से पांच दिन और लग सकते हैं।

सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए अब पहाड़ के ऊपर और साइड से ड्रिलिंग होगी। वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए चार स्थानों की पहचान की गई है, वहां तक पहुंचने के लिए ट्रैक बनाने का काम सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को सौंपा गया है। विदेशी विशेषज्ञों की मदद से पांच विकल्पों पर केंद्र और राज्य की छह टीमें आज से काम शुरू कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी सीएम पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के मुख्य सचिव के साथ सिलक्यारा पहुंचे हैं जहां एनएचआरटीसीएल एवं जिला प्रशासन सहित तमाम एक्सपर्ट के साथ बैठक कर रहे हैं।

**सुरंग के बाहर बौखनाग देवता का मंदिर स्थापित-**
सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए तकनीक के साथ आस्था का भी सहारा लिया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों के दबाव पर अब कंपनी प्रबंधन ने सुरंग के बाहर बौखनाग देवता का मंदिर स्थापित किया गया है। पहले इस मंदिर को हटाकर सुरंग के अंदर कोने में स्थापित किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### तोते को लेकर दो युवतियों में जमकर हुई तकरार,

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक तोते को लेकर दो युवतियों में जमकर तकरार हो गई। तकरार इतनी बढ़ी की मामला कोतवाली तक पहुंच गया। मामला रुड़की के गंगनहर कोतवाली क्षेत्र का है। जहां एक युवती का दावा है कि तोता उसे उसके जीजा ने उपहार में दिया है जबकि दूसरी युवती का कहना है कि उसने तोते को खरीदा है। मामले की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तोते को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला गांव निवासी मीनू के पास एक तोता है। बीते रोज पड़ोस में रहने वाली एक युवती उसके घर पहुंची और उसने तोते को अपना बताया। दोनों युवतियां तोते को लेकर अपना दावा करने लगीं। इसे लेकर दोनों में नोकझोंक हो गई। युवती मीनू का दावा है कि करीब तीन माह पहले उसके जीजा ने तोता उसे उपहार में दिया था। इसके बाद से तोता उनके घर में है।

मीनू के अनुसार कुछ दिन पहले तोता उड़कर पड़ोसियों के घर चला गया था। आरोप है कि पड़ोसियों ने उसे पकड़ लिया, लेकिन चार दिन बाद तोता उड़कर उनके घर वापस आ गया। जिसके बाद से पड़ोसी युवती इस तोते पर अपना दावा कर रही है। इसे लेकर इनके बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद पडोसी युवती ने तोता अपना बताते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों युवतियों को कोतवाली बुलाकर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने तोता कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ उप निरीक्षक जहांगीर अली ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### किस्मत का मिला साथ: सुरंग के अंदर फंसने से बाल-बाल बचे बिहार के दर्शन, घटना से आधे घंटे पहले की बताई बात

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी सुरंग में फंसे मजदूरों का धैर्य जवाब दे रहा है। वह अब अपनी आपबीती पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं सुरंग में फंसने से बाल-बल बचे बिहार के दर्शन ने उस दिन की घटना के बारे में बताया। सिलक्यारा सुरंग हादसे में बिहार निवासी दर्शन कुमार उन चंद खुशकिस्मत लोगों से एक हैं जो सुरंग के अंदर फंसने से बाल-बाल बच गए। शॉटक्रिट मशीन के ऑपरेटर दर्शन ने बताया कि वह हादसे से आधा घंटा पहले ही सुरंग से बाहर आए थे। आधे घंटे बाद वहां भारी भूस्खलन हो गया और 41 लोग सुरंग में फंस गए।

बिहार राज्य के 20 वर्षीय दर्शन कुमार ने बताया कि वह और उनका भाई चंदन कुमार दोनों सिलक्यारा सुरंग के निर्माण से जुड़ी नवयुगा कंपनी में कार्यरत हैं। वह शॉर्टक्रिट मशीन के ऑपरेटर हैं, जबकि उसका बड़ा भाई चंदन मैकेनिक है। हादसे से पहले वह भी उस दल में शामिल था जो शनिवार को नाइट शिफ्ट के लिए सुरंग में गया था।

दर्शन ने बताया कि रातभर उसने काम किया। फिर काम नहीं होने पर सुबह पांच बजे वह बाहर आ गया और अपने कमरे पर आराम करने चला गया। आधे घंटे बाद ही शोर मचा कि सुरंग गिर गई। वहां जाकर देखा तो मलबा गिरने से सुरंग पूरी तरह बंद हो चुकी थी और वहां काम कर रहे मजदूर अंदर ही फंस गए थे। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया कि उसे सुरंग के अंदर फंसने से बचा लिया।

### सुरंग के अंदर से आई आवाज: मेरा पेट नहीं भर रहा, मुझे जल्दी बाहर निकालो...20 साल के दीपक की टूट रही अब हिम्मत

**उत्तरकाशी** /टीम एक्शन इंडिया
मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला दीपक कुमार भी सिलक्यारा सुरंग में फंसा है। शनिवार को दीपक के चाचा कृष्णा पटेल सिलक्यारा पहुंचे। पाइपलाइन के जरिए उनकी दीपक से बात करवाई गई। कृष्णा पटेल ने बताया कि दीपक कह रहा है कि उसका पेट नहीं भर रहा, उसे जल्दी बाहर निकालो।20 वर्षीय दीपक कुमार सिलक्यारा सुरंग में फंसा 41वां श्रमिक है, जिसकी अब तक अंदर फंसे श्रमिकों में गिनती भी नहीं थी। उसके साथियों ने कंपनी प्रबंधन को जानकारी दी कि हादसे के बाद से बूमर मशीन ऑपरेटर दीपक भी लापता है, वह भी सुरंग के अंदर फंसा है। शुरू में कंपनी प्रबंधन इससे इन्कार करता रहा, लेकिन शुक्रवार को कंपनी प्रबंधन ने जिला प्रशासन को दीपक के सुरंग में फंसे होने की जानकारी दी।

## माही ने नैनीताल में मनाया पत्नी साक्षी का जन्मदिन, उठाया वर्ल्ड कप का लुत्फ



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
भारत को क्रिकेट के हर फॉर्मेट सहित 2011 के वर्ल्ड कप में 28 वर्ष के बाद विश्व विजेता बनाने वाले पूर्व कप्तान एमएस धोनी उर्फ माही इस बार क्रिकेट की चमक दमक भरी दुनिया से दूर अपने नाम के अनुरूप कूल कूल माहौल में नैनीताल में वर्ल्ड कप देख रहे हैं।

यह भी खास बात है कि आज 19 नवंबर को उनकी पत्नी साक्षी का जन्मदिन है। वह पत्नी का जन्मदिन मनाने के साथ ही वर्ल्ड कप मैच का भी लुत्फ उठा रहे हैं।

हाल ही में उन्होंने बहुत भावुक होकर उस पल को याद किया था जब 2011 के फाइनल के अंतिम क्षणों में वे मैदान में थे और हजारों लोग सामूहिक रूप से इंडिया इंडिया के नारों के साथ... वंदे मातरम गा रहे थे। इस बार वे अपने चंद मित्रों के साथ यहां प्रसाद भवन में परिवार संग फाइनल का आनंद लेना चाह रहे हैं। धोनी 2007 से 2017 तक सीमित ओवरों के प्रारूप में और 2008 से 2014 तक टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के कप्तान थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी के लिए खेलते और कप्तानी करते रहे हैं। इस दौरान और पहले भी उन्होंने हर मैच हजारों लाखों लोगों की मौजूदगी में खेला और देखा है।

भारत को घरेलू मैदान पर 2011 आईसीसी विश्व कप जीते हुए 12 साल से अधिक समय हो गया है। तब तत्कालीन भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ जीत छक्के के साथ सुनिश्चित की थी। 1983 के बाद यह भारत की दूसरी विश्व कप जीत थी।

हाल में धोनी ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल से पहले एक भावनात्मक बयान देते हुए कहा था कि 2011 के फाइनल में सबसे अच्छा एहसास मैच की समाप्ति से 15-20 मिनट पहले ही शुरू ही गया था, जब हमें ज्यादा रनों की जरूरत नहीं थी। साझेदारी बहुत अच्छी चल रही थी। फील्ड में काफी ओस थी और पूरा स्टेडियम वंदे मातरम गाने लगा।

## यूपीएससी परीक्षा में 42.46 प्रतिशत परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
परीक्षा नियंत्रक उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में आज 42.46 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक अवधेश कुमार सिंह ने अवगत कराया कि सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह ग ) की आज हुई परीक्षा 2023 का में राज्य के 13 जनपदों में कुल 122 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल पंजीकृत 43,931 अभ्यर्थियों में से 25279 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 18652 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों का कुल प्रतिशत 57.54 रहा।

# उत्तरकाशी सिलक्यारा हादसा: अब श्रमिकों को निकालने के लिए रोबोट का सहारा

**आपदा**

**8 आपदा सचिव डॉ. सिन्हा ने बताया कि सुरंग में मशीनों के इस्तेमाल से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के जिले उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को अब बाहर निकालने के लिए रोबोट का सहारा लिया जाएगा। आपदा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में अब रोबोट की मदद ली जाएगी। आज रेस्क्यू आपरेशन आठवां दिन है।

आपदा सचिव डॉ. सिन्हा ने बताया कि सुरंग में मशीनों के इस्तेमाल से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मलबा लगातार गिरने से रेस्क्यू में बाधा आ रही है।

रविवार को केंद्र सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि पिछले 7-8 दिनों से हम निमार्णाधीन सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

# मुस्लिम महिलाओं ने मांगी दुआ, मंदिरों में हवन

**उत्तराखंड/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व कप 2023 के फाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से है। मैच शुरू हो चुका है, वहीं दूसरी तरफ टीम इंडिया के वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए विशेष प्रार्थना और यज्ञ का दौर भी शुरू हो गया है। उत्तराखंड के कुमाऊं में पत्थरचट्टा में आनंदी मंदिर धाम में लोगों ने भारत की जीत के लिए हवन पूजन किया। तो वहीं सीरगोटिया में मुस्लिम महिलाओं ने दुआ मांगी।



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने फाइनल में टॉस जीत लिया है। उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। क्रिकेट प्रेमियों की नजर भी बस अब टीवी स्क्रीन पर है। कई जगह पर मैच के लिए सामूहिक इंतजाम किए गए थे। तो कहीं लोग फोन लेकर बैठ गए हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले को देखने के लिए कई हस्तियां पहुंची है। क्रिकेट वर्ल्डकप के फाइनल में भारत की जीत के लिए मंदिरों में पूजा-पाठ किए गए और मस्जिदों में दुआ हुई। परमार्थ निकेतन में टीम इंडिया के वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए शनिवार को विशेष प्रार्थना और यज्ञ का किया गया।

परमार्थ के ऋषिकुमारों ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जयकारों और वेदमंत्रों के साथ विशेष पूजन, हवन किया।

क्रिकेट के इस महामुकाबले को लेकर फैंस उत्साहित है। हर कोई चाहता है कि भारत विश्व विजेता का ताज पहने और आस्ट्रेलिया से 2003 के वर्ल्डकप फाइनल की हार का बदला ले।

ऑस्ट्रेलिया विश्व कप इतिहास की सबसे सफल टीम है। वह आठवीं बार फाइनल में उतरेगा। उसने पांच बार खिताब अपने नाम किया है। ऑस्ट्रेलिया 1987, 1999, 2003, 2007 और 2015 में विश्व कप जीतने में सफल हुआ है। टीम इंडिया की नजर उसे इस बार खिताब जीतने से रोकने पर है।

# एएनटीएफ ने अंतर्राज्यीय ड्रग-तस्कर को किया गिरफ्तार, 2 किलो चरस बरामद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) उत्तराखंड ने एक अंतर्राज्यीय ड्रगझतस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 2 किलो से अधिक चरस बरामद की गई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12 लाख रुपये की कीमत आंकी गई है।




एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे और प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरूप के नेतृत्व में एएनटीएफ टीम (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) बीती रात्रि को कार्रवाई की। एएनटीएफ टीम ने जनपद चंपावत के थाना देवीधुरा क्षेत्रअंतर्गत डिग्री कॉलेज तिराहा रोड देवीधुरा के पास से राजेंद्र सिंह बोरा उर्फ राजू पुत्र किशन सिंह बोरा निवासी ग्राम सुरंग थाना खन्सयु जनपद नैनीताल (35) को गिरफ्तार कर लिया गया। अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्कर के कब्जे से करीब 2 किलो 479 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपित पूर्व में सुरंग ओखलकांडा क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुका है। अभियुक्त पिछले कई सालों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहा था। पूछताछ में बताया गया कि वह चरस अपने ससुराल में ही भांग की खेती कर पौधों से निकालकर उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहा था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एएनटीएफ की ओर से गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना देवीधुरा, जनपद चंपावत में एनडीपीएस की समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

एनएटीएफ कुमाऊं यूनिट वर्ष 2023 में अब तक 27 किलो 412 ग्राम चरस बरामद कर 06 अभियुक्तियों, 7 किलो 915 ग्राम अफीम बरामद कर 04 अभियुक्तों और 1 किलो 391 ग्राम स्मैक बरामद कर पांच अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने उत्तराखंड की ओर से अपने ऑफिस नंबर जारी करते हुए जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहें। किसी भी प्रकार के लालच में आकर नशा तस्करी ना करें, नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या एसटीएफ उत्तराखंड से संपर्क करें। एसटीएफ से संपर्क के लिए ये नंबर -0135-2656202, 9412029536 हैं।

# प्रेमी युगल को मारपीट कर लूटने वाला फरार तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्यामपुर थाना क्षेत्र स्थित नमामि गंगे घाट पर एकांत में बैठे प्रेमी युगल संग मारपीट कर नकदी और मोबाइल लूटने के फरार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में दो आरोपितों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।



गौरतलब है कि 14 नवम्बर को श्यामपुर, चौकी चण्डीघाट क्षेत्र स्थित नमामि गंगे घाट के पास काली माता मंदिर के पीछे एक प्रेमी युगल बैठा हुआ था। इसी दौरान अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए तीन आरोपितों ने उन पर लाठी-डण्डो से मारपीट कर 70 हजार रुपये, मोबाईल, पैन कार्ड व आधार कार्ड लूट लिए थे।

इस संबंध में पुलिस ने दो आरोपितों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि तीसरा आरोपित रोहित पुत्र सतीश निवासी ग्राम गाजीवाली थाना श्यामपुर हरिद्वार फरार चल रहा था। पुलिस ने आज फरार आरोपित को भी गिरफ्तार करते हुए उसके पास से लूटे गए पांच हजार रुपये, मोबाइल आदि भी बरामद कर लिए।

पुलिस इससे पहले लूट की रकम में से 65 हजार रुपये पूर्व में पकड़े गए दो आरोपितों से बरामद कर चुकी थी। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

# उत्तरकाशी सिलक्यारा सुरंग हादसा : चार अलग-अलग एजेंसियां कर रहीं चार स्थानों से खुदाई

रेस्क्यू ऑपरेशन

8 -अलग-अलग विकल्पों पर हो रहा काम, पीएमओ राहत और बचाव अभियान पर लगातार रख रहा नजर



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के जिला उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में फंसे हुए 41 श्रमिकों को बचाने के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। रविवार को रेस्क्यू ऑपरेशन का 8वां दिन है और पहाड़ी के ऊपर से एक "वर्टिकल होल" बनाने के लिए ड्रिलिंग की जा रही है। ताजा जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अब विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से इन चार मोर्चों पर एकसाथ बचाव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पहले मोर्चे की जिम्मेदारी एसजेवीएनएल (सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड) उठाएगा। वे सुरंग के ऊपर 120 मीटर लंबी और 1 मीटर चौड़ी वर्टिकल सुरंग के लिए खुदाई करेंगे। दूसरे मोर्चे की कमान नवयुगा इंजीनियरिंग संभालेगी। वे फिर से लगभग 60 मीटर लंबाई की सुरंग की खुदाई करेंगे।
तीसरा मोर्चा टीएचडीसी संभालेगी। वे भी विपरीत दिशा से लगभग 400 मीटर सुरंग की खुदाई करेंगे। चौथा मोर्चा ओएनजीसी उठाएगी। वे संभवतः नीचे से हॉरिजोंटल तरीके से सुरंग खोदेंगे। उल्लेखनीय है कि एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड), ओएनजीसी (तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम), एसजेवीएनएल (सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड), टीएचडीसी और आरवीएनएल को जो जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा बीआरओ और भारतीय सेना की निर्माण शाखा भी बचाव अभियान में सहायता कर रही है।

**टनल के बाहर तैनात हैं 10 एंबुलेंस-**
रेस्क्यू ऑपरेशन के बीच टनल के बाहर 6 बिस्तरों वाला एक अस्थायी हॉस्पिटल भी तैयार किया गया है। टनल से मजदूरों के निकलने के बाद उन्हें तुरंत मेडिकल सुविधाएं मिल सकें, इसलिए टनल के बाहर 10 एंबुलेंस भी तैनात की गई हैं। दरअसल, डॉक्टरों ने सलाह दी है कि टनल से निकलने के बाद श्रमिकों को मानसिक-शारीरिक मार्गदर्शन की जरूरत होगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी को जयंती पर किया याद

जयंती

8 आम जनता के हित के लिए उन्होंने साहसिक कदम उठाते हुए बैंकों का राष्ट्रीयकरण भी किया।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में कार्यक्रम आयोजित कर याद किया।
इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी अद्भुत व्यक्तित्व वाली नेत्री थीं। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बाल्यकाल से ही सक्रिय रूप से भाग लिया। आजादी के आंदोलन के दौरान बाल चरखा संघ और वानर सेना का गठन किया गया। स्वतंत्र भारत की वे चार बार प्रधानमंत्री रहीं और इस दौरान उन्होंने समाज के वंचित और गरीब तबके को भारत की आर्थिक और सामाजिक नीतियों के केंद्र में रखा। आम जनता के हित के लिए 1969 में उन्होंने साहसिक कदम उठाते हुए बैंकों का राष्ट्रीयकरण भी किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्ण सिंह रावत ,प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल, राजकुमार जयसवाल, मनमोहन शर्मा,अभिषेक तिवारी ,जगदीश धीमान ,अरुण बलूनी ,राजेश पुंडीर,राजेश उनियाल ,मुकीम अहमद ,मोहम्मद शाहिद ,डॉ अरुण रतूड़ी ,मनीष कुमार ,संदीप सिंह ,रईस ,शिवम,एस बी थापा, सत्येंद्र पंवार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही के लिए शानदार वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**देहरादून।** लाइफ एसेंशियल्स के कारोबार में लगी एक प्रमुख कंपनी इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड ने 06 नवंबर, 2023 को हुई अपनी बोर्ड मीटिंग में 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी है। 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए,ऑपरेशनल रेवेन्यू 17.11 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 5712.55 लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 6689.71 लाख रुपये हुआ। एबिटा 420.98 प्रतिशत बढ़ा और फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 211.11 लाख रुपये से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 1099.84 लाख रुपये पहुंचा। फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में एबिटा (म्ठप्ज्क।) मार्जिन 3.55 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 1116 बीपीएस द्वारा 14.71 प्रतिशत हो गया। शुद्ध लाभ (पीएटी) 248.71 प्रतिशत बढ़ा, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 215.88 लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 752.79 लाख रुपये हुआ। शुद्ध लाभ (पीएटी) का मार्जिन फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 3.63 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 644 बीपीएस द्वारा 10.07 प्रतिशत हो गया।
30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्यू 7.79 प्रतिशत बढ़ गया और फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही में 11309.01लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही में 12189.55 लाख रुपये हुआ। एबिटा (म्ठप्ज्क।) में तकरीबन 407.23ः की बढ़ोत्तरी हुई और ये फाइनेंशियल ईयर 23 की पहली छमाही में 269.73 लाख रुपये से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही में 1368.15 लाख रुपये हुआ। फाइनेंशियल ईयर 23 की पहली छमाही में एबिटा मार्जिन 2.34 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही में 809 बीपीएस द्वारा बढ़कर 10.43 प्रतिशत हो गया। शुद्ध लाभ (पीएटी) (टैक्स के बाद लाभ) 217.68 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की पहली छमाही में 274.20 लाख रुपये से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही में 871.09 लाख रुपये हुआ। फाइनेंशियल ईयर 23 की पहली छमाही में शुद्ध लाभ (चा्ज) का मार्जिन 2.38 प्रतिशत से फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही में 426 बीपीएस द्वारा बढ़कर 6.64 प्रतिशत हो गया।

### कल्याण ज्वेलर्स ने की उत्तराखंड के काशीपुर में अपने नए शोरूम के लॉन्च की घोषणा

**काशीपुर।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वेलर्स ने आज उत्तराखंड में विस्तार की घोषणा की जिसके तहत काशीपुर में एक नया शोरूम लॉन्च किया जाएगा। बॉलीवुड स्टार आदित्य रॉय कपूर, 24 नवंबर (शुक्रवार) को इस नए शोरूम का उद्घाटन करेंगे। यह उत्तराखंड राज्य में कंपनी का 5वां शोरूम होगा। फिलहाल, इस आभूषण ब्रांड की राज्य के सभी प्रमुख बाजारों-देहरादून, हलद्वानी और हरिद्वार में उपस्थिति है।
नए लॉन्च किए गए शोरूम में कल्याण ज्वेलर्स के आभूषण संग्रह से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की जाएगी, जो विश्व स्तरीय माहौल में प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त, कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट, जो बाजार में सबसे कम है और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है, वह लागू होगा। इससे ग्राहकों को एक सहज और सेवा-समर्थित खरीदारी का अनुभव मिलेगा। शोरूम के लॉन्च के मौके पर, कल्याण ज्वेलर्स न्यूनतम एक लाख रुपये की खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए उनके खरीद मूल्य के आधे पर 0 प्रतिशत मेकिंग चार्ज का एक अनूठा प्रमोशन दे रहा है। ये ऑफर केवल सीमित अवधि के लिए वैध हैं।
नए शोरूम के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में, कल्याण ज्वेलर्स के कार्यकारी निदेशक, रमेश कल्याणरमन ने कहा कि हमें काशीपुर में अपने प्रवेश की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो उत्तराखंड राज्य के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। हमारा मानना है कि काशीपुर में जबरदस्त क्षमता है, जिसका दोहन नहीं हुआ है और इससे हमें अपनी वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उत्तराखंड राज्य हमेशा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है और इस क्षेत्र में नए निवेश, उत्तर भारत में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं।

## दिवंगत छायाकार किया गया याद

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के गत दिनों दिवंगत हुये प्रसिद्ध छायाकार, रंगकर्मी, ब्लॉगर व ट्रेकर अमित साह को उनके छायाचित्र व लघु फिल्मों के माध्यम से याद किया गया। इस अवसर पर उनके परिजनों को समस्त रंगकर्मियों की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।
नगर के मल्लीताल स्थित बीएम शाह ओपन एयर थिएटर में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मोमबत्ती जलाकर की गयी। इसके पश्चात स्लाइड शो के माध्यम से अमित की चुनिंदा तस्वीरें एवं अमित के द्वारा अभिनीत पापा का आशीष, जहर, अंतरद्वंद्व व जागते रहो आदि लघु फिल्में दिखाई गयीं।

# शंकराचार्य और देवडोलियों के साथ श्री रावल पहले प्रवास के लिए पहुंचे पांडुकेश्वर

प्रस्थान

8 18 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद होने के बाद देवडोलियों का पहले प्रवास के लिए प्रस्थान हुआ।



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार 18 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद होने के बाद देवडोलियों का पहले प्रवास के लिए प्रस्थान हुआ।
कपाट बंद होने के बाद गढ़वाल स्काउट के बैंड के साथ रविवार सुबह 10 बजे बदरीनाथ धाम से प्रस्थान कर श्री उद्धव जी, श्री कुबेर जी और रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी सहित आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी बदरीनाथ के धर्माधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल और वेदपाठी रविंद्र भट्ट एवं सैकड़ों श्रद्धालु-हक हकूक धारियों के साथ देवडोलियां योग बदरी मंदिर पांडुकेश्वर पहुंचीं। जहां देवडोलियों का भव्य स्वागत हुआ।
श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार एवं मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान देवडोलियों के साथ ही बदरीनाथ धाम से योग बदरी पांडुकेश्वर पहुंचे। इस दौरान बेनाकुली, हनुमान चट्टी, लामबगड़ जेपी डेम साइट, पांडुकेश्वर बाजार में श्रद्धालुओं ने देवडोलियों के दर्शन किये।
कपाट होने के बाद शनिवार 18 नवंबर शाम को श्री कुबेर जी रात्रि प्रवास के लिए बामणी गांव पंहुंचे थे। 19 नवंबर रविवार को बामणी से प्रस्थान कर पांडुकेश्वर पहुंचे। जबकि बदरीनाथ से रविवार 19 नवंबर रविवार प्रातः 10 बजे को श्री उद्धव जी और आदि गुरु शंकराचार्य जी की पवित्र गद्दी रावल जी सहित पांडुकेश्वर पहुंचे। रविवार को श्री कुबेर जी, उद्धव जी एवं शंकराचार्य जी की गद्दी पांडुकेश्वर पहुंचने के दौरान जय बदरीविशाल तथा सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों से वातावरण गूंज उठा।इस दौरान लोगों ने देवडोलियों पर फूल वर्षा की।
श्री उद्धव जी योग बदरी मंदिर एवं कुबेर जी अपराह्न अपने पांडुकेश्वर स्थित मंदिर में पहुंचे जहां पांडुकेश्वर गांव के श्रद्धालुओं ने कुबेर जी श्री उद्धव जी तथा शंकराचार्य गद्दी सहित रावल जी का स्वागत किया तथा महिला मंगल दल पांडुकेश्वर ने भजन कीर्तन का आयोजन किया। श्री कुबेर जी, श्री उद्धव जी शीतकाल छह मास पांडुकेश्वर में प्रवास करेंगे। जबकि श्री गरुड़ जी शीतकाल में जोशीमठ प्रवास करेंगे। भगवान नारायण के वाहक श्री गरुड़जी शनिवार देर रात मंदिर समिति खजाने के साथ श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ पहुंच गये हैं।

# आयरन लेडी की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

जयंती

8 लक्ष्य चौहान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बहादराबाद स्थित कार्यालय पर युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला उपाध्यक्ष लक्ष्य चौहान के नेतृत्व में गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया।
इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लक्ष्य चौहान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने देश की तरक्की और खुशहाली के लिए बहुत कार्य किया। देश विदेश में सभी राजनेता उनकी कार्यशैली से प्रभावित थे। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देकर उन्होंने उसके दो टुकड़े कर दिए। वह एक दृढ़ निश्चय व्यक्तित्व की राजनेता थीं। उनका सम्मान पूरी दुनिया में होता है।
देश के लिए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता इंदिरा गांधी के बताए रास्ते पर चल कर कांग्रेस की नीतियों को घर घर पहुंचा रहा है।

## कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस ने "इंदिरा गांधी" की जयंती पर कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्वर्गीय इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प माला और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।
रविवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह एडवोकेट ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में कई कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान के 2 टुकड़े कर एक नया देश बांग्लादेश बनाया।
उनके दृढ़ निश्चय और कभी ना हारने की आदत की वजह उन्हें आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयलने की बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक ने जिला अध्यक्ष भाजपा संदीप गोयल ने भाजपा संगठन द्वारा चल रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्य की समीक्षा करते हुए सभी जिला व मंडल पदाधिकारियों से अति शीघ्र इस अभियान के निमित्त कार्य पूरा करने का आवाहन किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई गई।
संदीप गोयल ने बताया की 23 नवंबर से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। जिसके माध्यम से प्रमुख जन लाभार्थी योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लंक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध से सक्रिय जन भागीदारी के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा होगी, जो की सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्थान पर जाएगी।

संकल्प यात्रा

8 विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा के सभी पदाधिकारी जुड़कर इस यात्रा को सफल बनाएंगे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा के सभी पदाधिकारी जुड़कर इस यात्रा को सफल बनाएंगे। इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री आशु चौधरी ने किया।
इस अवसर जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, जितेंद्र चौधरी, निर्मल सिंह, मोहित वर्मा, नेत्रपाल चौहान,रजनी वर्मा, अमरीश सैनी, नकली राम सैनी, सचिन शर्मा, सचिन निषीद, मनोज शर्मा, गौरव पुंडीर, विक्रम भुल्लर, डॉ प्रदीप कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, एजाज हसन, हीरा सिंह बिष्ट, कमल प्रधान, राजवीर कलानिया, दीपांशु शर्मा, कमल किशोर आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस ने "इंदिरा गांधी" की जयंती पर कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्वर्गीय इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प माला और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।
रविवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह एडवोकेट ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में कई कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान के 2 टुकड़े कर एक नया देश बांग्लादेश बनाया। उनके दृढ़ निश्चय और कभी ना हारने की आदत की वजह उन्हें आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। उनका देश के प्रति समर्पण इस बात से ही झलकता है कि उन्होंने अपने एक भाषण में कहा था कि मेरे खून का एकझ्रएक कतरा मेरे देश के काम आएगा। उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण, परमाणु परीक्षण कर सारे विश्व को चौंका दिया था। इंदिरा के किये कार्यों का बखान करने का मतलब सूर्य को दिया दिखाने के बराबर है।
श्रद्धांजलि सभा में पीसीसी मेंबर जयेंद्र रमोला, मदन मोहन शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी, नेता पार्षद मनीष शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र,महासचिव संगठन ऋषि सिंघल, रुकम पोखरियाल, राजेश शर्मा, गौरव कुमार अशोक शर्मा, सावित्री देवी, आदित्य झा आदि मौजूद थे।

# केएमवीएन ने किया विश्व कप दिखाने का 'बड़ा' इंतजाम



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय क्रिकेट टीम के सेमीफाइनल सहित 10 में से 10 मैच जीतने के बाद रविवार को आयोजित हुए फाइनल मुकाबले के लिये उत्साह हर कहीं चरम पर रहा। देशवासियों के ऐसे बड़े उत्साह को देखते हुए केएमवीएन यानी कुमाऊं मंडल विकास निगम ने ह्यबड़ाह्ल प्रबंध किया है।
निगम ने अपने सूखाताल स्थित टीआरएच यानी पर्यटक आवास गृह में 12 गुणा 10 वर्ग फिट की बड़ी स्क्रीन पर यहां आने वाले सैलानियों के लिये विश्व कप का फाइनल मैच दिखाने का प्रबंध किया है। निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी के हवाले से निगम के महाप्रबंधक एपी बाजपेयी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि टीआरएच में रुकने वाले व रेस्टोरेंट में भोजन करने वाले सैलानियों के साथ ही निगम कर्मी एवं आम लोग भी यहां विश्व कप क्रिकेट का मुकाबला देख रहे हैं।
धौनी पत्नी का जन्म दिन मनाने के साथ ले रहे विश्व कप फाइनल का आनंद
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी गत 17 नवंबर से नैनीताल में हैं। वह यहां केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के मल्लीताल ओक लॉज स्थित प्रसाद भवन में पत्नी साक्षी व बेटी जीवा के साथ रह रहे हैं। आज 19 नवंबर को भारत के क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मुकाबले के साथ ही धौनी की पत्नी साक्षी का जन्म दिन भी है। ऐसे में माना जा रहा है कि धौनी यहीं पत्नी का जन्मदिन मनाने के साथ फाइनल मुकाबले का आनंद भी ले रहे हैं। गौरतलब है कि धौनी ने यहां मीडिया से पूरी तरह से दूरी बनायी हुई है। मीडिया कर्मियों के प्रसाद भवन पहुंचने पर वह घर के अंदर चले जाते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर नैनीताल के साथ ही अपने पैतृक गांव ल्वाली जाने से संबंधित एक भी पोस्ट नहीं की है, जबकि उनकी पत्नी साक्षी ने धौनी के साथ पैतृक घर की दहलीज पर खींची गयी एक तस्वीर और प्रसाद भवन में पुत्री जीवा के साथ की दो तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली हैं। साक्षी ने इस दौरान नैनी झील में नौकायन भी किया है।
कैंची धाम में की गयी भारत के विश्व कप जीतने के लिये प्रार्थना
गत दिनों भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के आने के बाद नये सिरे से चर्चा में आये नैनीताल जनपद स्थित बाबा नीब करौरी के कैंची धाम में रविवार को श्रद्धालुओं ने भारत की विश्व कप में जीत के लिये प्रार्थना की। सुबह मंदिर के कपाट खुलने से पहले से ही यहां क्रिकेट प्रशंसक तिरंगे झंडे के साथ पहुंच गये थे ।

# भाजपा नेता संजय गुप्ता ने सीएम को भेजा पत्र, बाढ़ रोकने के सुझाए उपाय

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ भाजपा नेता व लक्सर से पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर लक्सर क्षेत्र में मानसून के दौरान आने वाली बाढ़ व उससे होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सुझाव दिए हैं।
पूर्व विधायक संजय ने सीएम धामी को भेजे पत्र में कहाकि मानसून के दौरान लक्सर क्षेत्र में बाढ़ की विभिषिका देखने को मिलती है। प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण फसल के साथ जन व पशु हानि भी हो जाती है। बाढ़ के कारण बड़ा नुकसान होता है। उन्होंने कहाकि इस बार भी बाढ़ की विभिषिका से लोग काफी परेशान हुए। लोगों को खाने का सामान व पीने के पानी की समस्या से दो-चार होना पड़ा।
उन्होंने कहाकि लक्सर क्षेत्र में बाढ़ के प्रकोप को रोकने के लिए लक्सर क्षेत्र के मखियाली खुर्द से बुजुर्ग होते हुए मठाना तक बांध का सुधारीकरण कराया जाए। इसके साथ ही बांध की पैचिंग व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए तथा बांध के ऊपर डामरीकरण कराया जाए। जिससे लक्सर क्षेत्र में बाढ़ के खतरे को रोका जा सकता है।
वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहाकि लक्सर क्षेत्र में बाढ़ आने पर कई बार शहर से कई गांवों का सम्पर्क टूट जाता है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और बीमार होने पर भी लोगों के समक्ष विकट समस्या बाढ़ के दौरान उत्पन्न हो जाती है। कहाकि यदि बांध को दुरूस्त कर दिया जाए जो समस्या से निजात पायी जा सकती है। उन्होंने शीघ्र ही मखियाली खुर्द से बुजुर्ग होते हुए मठाना तक बांध का सुधारीकरण, बांध की पैचिंग व्यवस्था को दुरूस्त तथा बांध के ऊपर डामरीकरण कराए जाने का अनुरोध किया।

## मंदसौर के हॉकी खिलाडियों का हुआ सीनियर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयन

**मन्दसौर।** 17 से 27 नवंबर 2023 तक चेन्नई में चल रही हॉकी इंडिया की सीनियर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में मंदसौर के अक्षय दुबे, राकेश दहिया, व लक्ष्य रायकवार मध्य प्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी हॉकी मंदसौर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया और सचिव अविनाश उपाध्याय ने देते हुए बताया कि यह सभी खिलाड़ी मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर के नियमित सदस्य रहे हैं। व यहीं से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भाग लिया राकेश दहिया कि हॉकी की शुरुआत उत्कृष्ट ग्राउंड से हुई यहीं से राष्ट्रीय तक की प्रतियोगिताओं में भाग लिया बाद में जूनियर इंडिया कैंप तक पहुंचे अभी राकेश भारतीय सेना पुणे में सेवारत है अक्षय दुबे के खेल की शुरुआत कक्षा 6टी से हुई यहीं से राष्ट्रीय स्तर तक खेले इसके बाद स्कूल इंडिया से खेलने ऑस्ट्रेलिया एडिलेड गए अभी अक्षय लखनऊ में है।, लक्ष्य रायकवार की हॉकी की शुरुआत कक्षा 6टी से हुई यहीं से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया व बाद में भारत के प्रसिद्ध संस्था एल.एन.आई.पी.इ. से ग्रेजुएशन किया और अभी सिंधिया स्कूल में खेल डिपार्टमेंट में कार्यरत है।



## केरल इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल- प्रज्ञानन्दा और निहाल में होगी टक्कर , क्यूबा से होगा केरल का मुक़ाबला

**तिरुअनंतपुरम।** केरल राज्य सरकार द्वारा 17 से 20 नवंबर के दौरान इंटरनेशनल शतरंज फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है । आगामी 20 नवंबर को भारतीय शतरंज में एक खास दिन होगा जब भारत के दो उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों प्रज्ञानन्दा और निहाल सरीन के बीच शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट ब्लिट्ज़ शतरंज के 10 मुकाबलों की सीरीज खेली जाएगी । इसके साथ ही आज 17 नवंबर से केरल में पहली बार एक खास तरह का मुक़ाबला खेला जा रहा है जब केरल राज्य की टीम दक्षिण अमेरिका के देश क्यूबा से क्लासिकल , रैपिड और ब्लिट्ज़ मुक़ाबलों में टक्कर लेगी । आज खेले गए मुक़ाबले में केरल की टीम नें क्यूबा को क्लासिकल राउंड में 2.5-1.5 से पराजित करते हुए 1-0 की बढ़त बना ली है । केरल टीम का नेतृत्व ग्रांड मास्टर एसएल नारायनन कर रहे है उनके अलावा इंटरनेशनल मास्टर जुबिन जिमी , फीडे मास्टर गौतम कृष्णा और महिला इंटरनेशनल मास्टर निम्मी जॉर्ज को टीम में शामिल किया गया है । जबकि क्यूबा की टीम से ग्रांड मास्टर असोन बेरदाएस , ग्रांड मास्टर एलियर मिरन्दा , इंटरनेशनल मास्टर ऑस्कर रॉडनी और इंटरनेशनल मास्टर ओरदाज़ वालदेस खेल रहे है ।




## रेसलर रह चुके द ग्रेट खली बने पिता, पत्नी ने बेटे को दिया जन्म

**नई दिल्ली,।** WWE रेसलर रह चुके दिलीप राणा उर्फ द ग्रेट खली पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है। एक वीडियो में खली ने नवजात बच्चे के साथ वीडियो में इस बात की जानकारी दी है। इसके बाद से लोग उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं। एक सोशल मीडिया पेज पर खली के साथ उनके नवजात बच्चे को दिखाया गया है। हालांकि खली ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा नहीं की है। WWE के जरिए अपनी पहचान बना चुके खली वीडियो में एक नवजात बच्चे को गले लगाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में खली को ये कहते हुए सुना जा सकता है कि ये जल्द ही ठीक हो जाएगा। गौर हो कि खली की पहले भी एक बेटी है। हैवीवेट चैंपियन खली के पैतृक घर धिराणा से मिली जानकारी के मुताबिक खली की पत्नी हरमिंदर कौर ने अमेरिकी प्रसूति गृह में एक बच्ची को जन्म दिया है। खली सिरमौर जिले के शिलाई के धिराणा के रहने वाले हैं। खली के घर में खुशी का माहौल है। रेसलिंग के साथ-साथ खली बॉलीवुड फिल्मों और रियलिटी शोज में भी अपना जलवा दिखा चुके हैं।



# इन्दिरा मैराथन में भारतीय सेना का कब्जा

**प्रयागराज।** प्रतिष्ठित वार्षिक मैराथन प्रतियोगिता 38वीं अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन प्रतियोगिता का खिताब भारतीय सेना ने अपने नाम कर लिया है। पहले स्थान पर सेना के जसवंत बघेल, दूसरे स्थान पर सेना के ही वी सिरानू और तीसरे स्थान पर प्रयागराज के अनिल कुमार रहे। वहीं महिला वर्ग में सीआईएसएफ भोपाल में तैनात सेना की रेनू सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मैराथन की शुरुआत उत्तर प्रदेश युवा कल्याण एवं खेल राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव ने रविवार सुबह आनंद भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इंदिरा मैराथन में 49 महिला सहित कुल 394 धावकों ने हिस्सा लिया। 42.195 किलोमीटर लम्बी इस प्रतियोगिता में देश के कई राज्यों के धावक शामिल रहे। प्रतियोगिता रविवार सुबह 6.30 बजे शुरू हुई, जिसमें जसवंत बघेल ने 8.42 बजे समाप्ति रेखा पार कर ली। मैराथन मार्ग



स्वराज भवन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, रेड ईगल आर्मी स्टेडियम, एजी ऑफिस, हाई कोर्ट चौराहा, सुभाष चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा, केपी कॉलेज चौराहा से होते हुए नए पुल से होकर गुजरा। नए पुल से धावक रीवा रोड, दांदूपुर पेट्रोल टंकी से उन्हें पुनः वापिस शहर की ओर आना था। चंद्रशेखर आजाद पार्क के प्रमुख द्वार से अंदर जाकर मैराथन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में समाप्त हुई। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में खेल राज्यमंत्री विजेताओं को शाम को सम्मानित करेंगे।

# उथप्पा बोले- वार्नर और हेड के बीच पहले 10 ओवर होंगे महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** विश्व कप 2023 फाइनल के फाइनल में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से है। दोनों टीमें प्रभावशाली जीत के साथ फाइनल में पहुंची हैं और प्रतिष्ठित 50 ओवर की ट्रॉफी पर अपना कब्जा करना चाहेंगी। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया का भारत जितना दबदबा नहीं रहा है लेकिन उसके पास आश्चर्यचकित करने के लिए पर्याप्त मारक क्षमता है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पिछले 2-3 वर्षों में एक संक्रमणकालीन चरण में है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उसकी स्थिति वैसी नहीं है। उथप्पा के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत को सिर्फ सलामी बल्लेबाजों ट्रैविस हेड और डेविड वार्नर को लेकर चिंतित रहने की जरूरत है। उथप्पा ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया कुछ वर्षों से परिवर्तनशील स्थिति में है। उनके पास उस समूह के भीतर कुछ ठोस खिलाड़ी हैं। आप देख सकते हैं कि



डेविड वार्नर अपने करियर के अंतिम छोर पर हैं। मेरे लिए, इस टीम के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में से एक ट्रैविस हेड है, वह उनके लिए एक अविश्वसनीय खिलाड़ी रहे हैं। टूटे हुए हाथ के बाद उन्होंने वापसी की और विश्व कप में अपने पहले गेम में 100 रन बनाए और टीम को शानदार शुरुआत दी। उन्होंने बल्ले से और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंद से योगदान दिया है। सेमीफाइनल में उन्होंने दो विकेट लिए और फिर 62 या 48 गेंदों में रन बनाए।' उथप्पा ने तर्क दिया कि हेड ने सकारात्मक क्रिकेट खेला और उन्हें कठिन परिस्थितियों में रन बनाने की आदत थी। उथप्पा ने कहा कि हेड आसानी से भयभीत नहीं होते और अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, 'तो आप जानते हैं कि वह ऐसा व्यक्ति है जिसके बारे में मुझे लगता है कि वह अच्छी स्थिति में है और आसानी से भयभीत नहीं होता है। वह अपने दायरे में रहकर ही अपना काम करता है। इसलिए मुझे लगता है कि डेविड वार्नर और ट्रैविस के खिलाफ पहले 10 ओवर महत्वपूर्ण होने चाहिए। भारत के पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि भारतीय टीम अपने प्रदर्शन में चरम पर है और यह पहली बार है कि सभी खिलाड़ी अविश्वसनीय लय में दिख रहे हैं।

## टीम इंडिया की जीत के लिए दशाश्वमेध घाट पर हुई भव्य गंगा आरती, जले 2100 दीप

**वाराणसी।** गंगा सेवा निधि द्वारा दशाश्वमेध घाट पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध मां गंगा की आरती में टीम इंडिया के जीत के लिए विशेष प्रार्थना व आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी भारत



माता के जयकारे के साथ खिलाड़ियों की तस्वीर के साथ आरती देखने पहुंचे। इस अवसर पर गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, सचिव हनुमान यादव समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में बांग्लादेश के कप्तान होंगे नजमुल हुसैन शान्तो

**ढाका।** नजमुल हुसैन शान्तो न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में बांग्लादेश का नेतृत्व करेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। 28 नवंबर को सिलहट में श्रृंखला का पहला टेस्ट शुरू होने के साथ ही नजमुल बांग्लादेश के 13वें टेस्ट कप्तान बन जाएंगे।

बीसीबी क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने कहा, नजमुल हुसैन न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में टीम का नेतृत्व करेंगे। टेस्ट टीम के उप कप्तान लिटन दास अपने परिवार के साथ रहने के लिए न्यूजीलैंड सीरीज छोड़ना चाहते थे। नियमित टेस्ट कप्तान शाकिब अल हसन विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान अपनी उंगली में फैक्चर के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए।

यूनुस ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, वह (लिटन) एक महीने की छुट्टी चाहते थे और दो टेस्ट नहीं खेलना चाहते थे क्योंकि वह अपने परिवार को समय देना चाहते थे। हमने इसकी अनुमति दे दी है क्योंकि हम किसी भी खिलाड़ी को खेलने के लिए दबाव नहीं डाल सकते। हम




चाहते थे कि वह दूसरा टेस्ट खेलें लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह एक महीने के लिए अपने परिवार को समय देना चाहते हैं। यूनुस ने कहा, 'वह अपने नवजात शिशु और अपनी पत्नी के साथ रहना चाहते थे और जैसा कि उन्होंने कई बार आग्रह किया था, हमने उनकी बात मान ली।' उन्होंने कहा कि वे निश्चित नहीं हैं कि टेस्ट सीरीज के बाद सफेद गेंद श्रृंखला के लिए वह उपलब्ध होंगे या नहीं। उन्होंने आगे कहा, अगर कोई क्रिकेटर खेलना नहीं चाहता है, तो उस स्थिति में आप उसे राष्ट्रीय टीम में नहीं डाल सकते क्योंकि यह दिल से आनी चाहिए कि मैं अपने देश के लिए खेलना चाहता हूं' और उसे पता होना चाहिए कि वह उपलब्ध है या नहीं नहीं।' इस बीच, वेस्टइंडीज के कोरी कोलीमोर, जो वर्तमान में बीसीबी हाई परफॉर्मेंस यूनिट के साथ तेज गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर रहे हैं, न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए एलन डोनाल्ड (जिन्होंने हाल ही में पद छोड़ दिया है) की जगह लेंगे, जबकि हाई परफॉर्मेंस यूनिट के मुख्य कोच डेविड हेम्प के भी टीम प्रबंधन समूह में शामिल होने की उम्मीद है।

# विश्व कप फाइनल मेरे और मेरे साथियों के करियर का सबसे बड़ा क्षण: रोहित शर्मा

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनके और उनके साथियों के करियर का सबसे बड़ा क्षण है। रोहित ने कहा कि उनके कप्तान बनने के बाद से ही टीम इस दिन भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप 2023 के फाइनल मुकाबले में रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने सामने होंगे।

मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेसवार्ता में रोहित ने विपक्ष के बारे में चिंता करने के बजाय अपने खेल पर टिके रहने और शांत रहने के महत्व पर जोर दिया।

रोहित ने कहा, यह बिना किसी संदेह के एक बड़ा अवसर है। हमने अब तक जो भी सपना देखा है वह यहां है। पेशेवर खिलाड़ियों के लिए, यह सबसे चुनौतीपूर्ण पहलू है कि आप इस तरह की चुनौतियों को अपने दिमाग से कैसे दूर रखते हैं और अपना ध्यान केंद्रित रखते हैं। यह हमारे करियर का सबसे बड़ा क्षण है और शांत रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि यहीं आप अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित कर सकते हैं। आपको रोजाना विश्व कप फाइनल खेलने का मौका नहीं मिलता। मैं 50 ओवर के विश्व कप को देखकर बड़ा हुआ हूं इसलिए मेरे लिए यह सबसे बड़ा अवसर होगा।

रोहित ने कहा, जब से मैं कप्तान बना हूं तब से हमने इस दिन के लिए तैयारी की है। हमें प्रारूपों के अनुसार पिछले 2 वर्षों में खिलाड़ियों की पहचान करनी थी। हमने भूमिका स्पष्ट कर दी थी और कप्तान और कोच के बीच काफी चर्चा हुई थी। हमारे लिए इस मंच तक पहुंचना बहुत बड़ी बात है। हमने मानसिकता और भूमिकाएं स्पष्ट रखने की पूरी कोशिश की है। अब तक सब अच्छा चला है, उम्मीद है कि कल भी ऐसा ही होगा।' पर्दे के पीछे मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के काम की सराहना करते हुए रोहित ने कहा कि उन्होंने सभी को खुद को अभिव्यक्त करने की पूरी आजादी दी है। रोहित ने कहा, राहुल भाई का योगदान बहुत बड़ा है। उन्होंने हर किसी को आज़ादी दी है।

उन्होंने कहा, राहुल द्रविड़ की भूमिका बहुत बड़ी रही है, खासकर खिलाड़ियों को भूमिका स्पष्टता देने के मामले में। उन्होंने अपना क्रिकेट कैसे खेला और मैं अपना क्रिकेट कैसे खेलता हूं, इसमें काफी विरोधाभास है और कुछ चीजों पर सहमत होना, हमें वह स्वतंत्रता देना, उनके बारे में बहुत कुछ कहता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए जो किया है वह बहुत बड़ा है और वह भी इस अवसर का हिस्सा बनना चाहते हैं।

रोहित ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा, शमी कौशल, दृढ़ संकल्प और अटूट भावना का प्रमाण हैं। उनका विश्व कप के शुरुआती भाग में नहीं खेलना कठिन था। लेकिन वह सिराज और बुमराह की मदद के लिए टीम में थे। इससे पता चलता है कि वह एक टीम मैन होने की गुणवत्ता रखते हैं। हमने उनसे इस बात पर बातचीत की कि वह क्यों टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करना जारी रखा और इससे पता चलता है कि टूर्नामेंट से पहले वह किस तरह की मानसिक स्थिति में थे। यह उनके बारे में बहुत कुछ कहता है और एक बार जब उनके लिए अवसर खुला, तो उन्होंने काफी शानदार किया। यह हम उनके प्रदर्शन से देख सकते हैं। रोहित ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, गेंदबाजों ने इस टूर्नामेंट में हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया है। हम पहले चार, पांच मैचों में लक्ष्य का पीछा कर रहे थे और भारत में विपक्षी टीम को 300 से नीचे रोकना आसान नहीं है।

# पिछले जूनियर हॉकी विश्व कप के बाद से हमने काफी उन्नती की है : अरिजीत सिंह हुंदल

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल का मानना है कि उनकी टीम के पास आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में पोडियम फिनिश हासिल करने का एक मजबूत मौका है। जूनियर विश्व कप का आयोजन 5 से 16 दिसंबर 2023 तक कुआलालंपुर, मलेशिया में होगा।

भारत को कनाडा, कोरिया और स्पेन के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम 5 दिसंबर 2023 को कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चिली और मलेशिया के साथ पूल ए में हैं। मिस्र, फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका पूल बी में हैं, जबकि बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को पूल डी में रखा गया है। टूर्नामेंट से पहले अरिजीत ने कहा, हमने शिविर में एक टीम के रूप में अच्छी तैयारी की है और अपने खेल के कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। अब टूर्नामेंट तेजी से आगे बढ़ रहा है, और सभी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ और भी अधिक सक्रिय हो रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हम अच्छा प्रदर्शन करें। हम महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं और हमारा लक्ष्य पदक के साथ समापन करना है। जीत का कहना है कि उन्होंने पिछले



कुछ वर्षों में बहुत कुछ सीखा है, और टीम आगामी टूर्नामेंट से पहले आत्मविश्वास महसूस कर रही है। उन्होंने कहा, पिछले जूनियर विश्व कप के बाद से, हमने सीखा है कि हमें किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहिए और हमें सभी टीमों के खिलाफ 100 प्रतिशत देना चाहिए। हमें अंतिम सीटी बजने तक खुद को प्रेरित करते रहना होगा। हमने पिछले कुछ वर्षों में बड़े मंच पर दबाव को संभालना सीखा है। हमने 3-4 प्रमुख टूर्नामेंट खेले हैं जिससे वास्तव में हमारे आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला है। हमने यह भी देखा है कि अन्य टीमें कैसे खेलती हैं और हम अपने खेल में सुधार करने के लिए थोड़े से समायोजन और बदलाव कर सकते हैं। हमारे फिटनेस स्तर में भी सुधार हुआ है और हम एक टीम के रूप में काफी विकसित हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, साथ ही, जो युवा खिलाड़ी अपना पहला जूनियर विश्व कप खेलेंगे, वे भी लगातार हमसे सलाह ले रहे हैं। हम उनकी हर संभव मदद कर रहे हैं। हम उन्हें दबाव से निपटने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन करने की भी कोशिश कर रहे हैं।

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले अरिजीत को अपने पिता को खेलते हुए देखकर छोटी उम्र में ही हॉकी में रुचि हो गई।

उन्होंने कहा, मेरे परिवार में सभी लोग हॉकी खेलते थे, जिनमें मेरे दादा, पिता और चाचा भी शामिल थे। मेरे पिता खेलों में जाते थे, और एक बच्चे के रूप में, मैं उनके साथ जाता था। तब से, मेरी रुचि बढ़ती गई। मेरे पिता का भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना था और अब मैं उनके लिए इस सपने को आगे बढ़ा रहा हूं।अरिजीत ने लगभग 8 साल पहले पेशेवर रूप से हॉकी खेलना शुरू किया और 2016 में, उन्हें पंजाब एंड सिंध बैंक के लिए अपना पहला जूनियर नेशनल खेलने का मौका मिला। अपनी टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद, अरिजीत को 2019 में जूनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए कॉल आया, लेकिन महामारी के कारण एक साल के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने का उनका सपना टूट गया। उन्होंने कहा,लॉकडाउन के दौरान, हमारे प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम साझा किए ताकि हम घर पर प्रशिक्षण जारी रख सकें और अपनी फिटनेस बनाए रख सकें। साई में वापस बुलाए जाने से पहले हमने कई महीनों तक इसका पालन किया। साई में, हमें फिर से एक सख्त बुलबुले के तहत रखा गया था। हमें प्रशिक्षण के लिए सभी आवश्यक कोविड प्रोटोकॉल बनाए रखने थे। 2021 में, अरिजीत ने आखिरकार एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया, जहां उन्होंने 6 खेलों में 5 गोल किए। तब से, अरिजीत ने टीम के लिए 22 कैप अर्जित किए हैं और 17 गोल किए हैं।

# वर्ल्ड कप में शमी के दमदार प्रदर्शन का सम्मान करेगी यूपी सरकार, गांव में बनाएगी मिनी स्टेडियम और जिम

**अहमदाबाद ।** मोहम्मद शमी का सपना है वर्ल्ड कप, मजे के लिए तोड़ रहे हैं रिकॉर्ड ! शमी ने विश्व कप 2023 में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया है। इतना ही नहीं, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने केवल छह मैचों में 23 विकेट लिए हैं, और भारतीय क्रिकेट टीम को 2023 ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभाई है, जहां अब उनका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। शमी ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट लेकर वनडे में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ आंकड़े का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उनके नवीनतम कारनामों के बाद, उत्तर प्रदेश सरकार शमी के गांव में एक मिनी स्टेडियम और एक जिम बनाने की तैयारी में है। अमरोहा जिलाधिकारी राजेश त्यागी ने कहा, 'मोहम्मद शमी के गांव (सहसपुर अलीनगर) में एक मिनी स्टेडियम और ओपन जिम बनाने का प्रस्ताव दिया गया है।'

शमी का सनसनीखेज सफर धर्मशाला से शुरू हुआ जहां उन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रतियोगिता का अपना पहला मैच खेला। वह भारत के शुरुआती चार मैचों में नहीं खेल पाए क्योंकि टीम ने तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को चुना। हालाँकि, पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ



चोटिल हो गए जिसके बाद शमी को न्यूजीलैंड प्रतियोगिता के लिए प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया और उन्होंने पांच विकेट लेकर विश्वास का बदला चुकाया।

इसके बाद उन्होंने चार विकेट लेकर इंग्लैंड को मुश्किल में डाल दिया और उसके बाद एक और पांच विकेट लेकर श्रीलंका को करारा झटका दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर, उन्होंने बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ विकेट लेने से पहले दो विकेट लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हालाँकि, सेमीफाइनल में वह अपने विकेट लेने के फॉर्म में वापस आ गए, 7/57 के आंकड़े के साथ लौटे क्योंकि भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर अपने चौथे वनडे विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया। बता दें, शमी का जन्म यूपी में हुआ था, लेकिन बार-बार चयन से चूकने के बाद वह बंगाल चले गए, जहां उन्होंने टीम के लिए रणजी डेब्यू करने के लिए अपने कौशल को और निखारा। घरेलू सर्किट में प्रभावित करने के बाद, उन्होंने जनवरी 2013 में भारत के लिए पदार्पण किया और तब से 64 टेस्ट, 100 वनडे और 23 टी20 मैच खेले हैं।

## काश वह उतने ही अच्छे पति-पिता होते जितने अच्छे खिलाड़ी : शमी पर पत्नी हसीन जहां ने किया कमेंट

**अहमदाबाद ।** मौजूदा विश्व कप में 23 विकेट ले चुके मोहम्मद शमी पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के फाइनल मुकाबले के दौरान उनपर बड़ी जिम्मेदारी होगी। इसी बीच हसीन जहां की पत्नी ने एक इंटरव्यू में कहा कि काश वह उतने ही अच्छे इंसान होते, जितने अच्छे वह खिलाड़ी हैं। शमी और हसीन 2018 में अलग हो गए थे। हसीन ने शमी पर घरेलू हिंसा और व्यभिचार का आरोप लगाया था। बहरहाल, हसीन जहां ने कहा कि अगर वह भी एक अच्छा इंसान होता, उतना ही अच्छा खिलाड़ी होता, जितना वह है, तो हम एक अच्छा जीवन जी सकते थे। अगर वह एक अच्छा इंसान होता तो मेरी बेटी, मेरे पति और मैं एक खुशहाल जीवन जी सकते थे।

और यह और भी सम्मान की बात होती यदि वह न केवल एक अच्छा खिलाड़ी होता बल्कि एक अच्छा पति और एक अच्छा पिता भी होता। हसीन जहां ने आगे कहा- शमी की गलतियों के कारण, लालच के कारण और उसके गंदे दिमाग के कारण हम तीनों को इसका परिणाम भुगतना पड़ा। हालांकि वह अब पैसे के माध्यम से अपने नकारात्मक बिंदुओं को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। हसीन से जब सेमीफाइनल मुकाबले में शमी द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ ली गई 7 विकेट के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मुझे कुछ खास महसूस नहीं हुआ। लेकिन अच्छा लग रहा है कि भारत ने सेमीफाइनल मैच जीत लिया है। मैं प्रार्थना करती हूं कि भारत फाइनल भी जीते।

## फास्ट न्यूज

### यूपीएससी परीक्षा में 42.46 प्रतिशत परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**हरिद्वार:** परीक्षा नियंत्रक उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में आज 42.46 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक अवधेश कुमार सिंह ने अवगत कराया कि सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह ग) की आज हुई परीक्षा 2023 का में राज्य के 13 जनपदों में कुल 122 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल पंजीकृत 43,931 अभ्यर्थियों में से 25279 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 18652 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों का कुल प्रतिशत 57.54 रहा।

### नई बसों को शामिल करने के खिलाफ 26 को प्रदर्शन करेंगे रोडवेज कर्मचारी

**चंडीगढ़।** कर्मचारी संगठनों के विरोध के बावजूद हरियाणा सरकार किलोमीटर स्कीम के तहत रोडवेज के बेड़े में 500 नई बसों को शामिल करने जा रही है। जिसके चलते रोडवेज कर्मचारी यूनियनों ने 26 नवंबर को करनाल में विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है।
फिलहाल 3350 बसों का बेड़ा है। अब किलोमीटर स्कीम के तहत 500 नई बसें शामिल होंगी। हरियाणा राज्य परिवहन निदेशक की ओर से सभी रोडवेज महाप्रबंधकों को पत्र लिखकर बसों की आवश्यकता की जानकारी मांगी है। निदेशक की ओर से लिखे पत्र में स्पष्ट किया गया है कि परिवहन बेड़े में किलोमीटर स्कीम के तहत 500 नई बसें शामिल की जाएंगी। जिला प्रबंधक डीजल, इलेक्ट्रिक व सीएनजी श्रेणी में से कौन सी बस की आवश्यकता है, इसकी सूचना 20 नवंबर तक मुख्यालय भिजवाएंगे। इसके लिए बाकायदा प्रोफार्मा जारी किया गया है, जिसमें महाप्रबंधक को रूट का नाम, बस श्रेणी और टिप्पणी लिखकर भेजनी होगी। फिलहाल रोडवेज बेड़े में किलोमीटर योजना के तहत 500 बसें चल रही हैं। यही नहीं परिवहन विभाग द्वारा 265 नए रूटों पर प्राइवेट को परमिट देने की भी योजना तैयार की है। ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि कर्मियों की मांगों को लेकर कई बार सरकार के साथ वार्ता हो चुकी है। जून माह में परिवहन मंत्री के साथ हुई वार्ता में अर्जित अवकाश की कटौती आदेश वापस लेने पर सहमति बनी थी, लेकिन अभी तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई। अब हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा 26 नवंबर को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगा, वहीं 28 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

# 'देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान'

### हम सबको अपने इतिहास पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए: सीएम योगी

**सेवाभाव**

**मुख्यमंत्री ने सिख समाज के त्याग, बलिदान की परंपरा और समाज के प्रति सेवाभाव को किया नमन**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आलमबाग में खालसा चौक का लोकार्पण किया। टेढ़ी पुलिया के नाम से जाना जाने वाला यह चौराहा अब खालसा चौक के नाम से जाना जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए इशारों-इशारों में सपा सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि उनसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्य तरह के आयोजन होते थे। वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिन्द सिंह जी के ज्योति ज्योत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह महाराज ने विदेशी आक्रांताओं से भारत के धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ ने मातृभूमि की रक्षा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान हम सबको देश और धर्म की रक्षा की प्रेरणा प्रदान करता है। सीएम योगी ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास हमें भारत की गौरवशाली विजयगाथा का स्मरण कराता है। उन्होंने सिख समाज के त्याग, बलिदान परंपरा, धर्म के प्रति समर्पण और समाज के प्रति सेवाभाव को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम लोगों को अनेक कार्यक्रमों में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। 24 नवंबर को ही गुरु तेग बहादुर जी का पावन शहीदी दिवस, 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व और 26 दिसंबर बीरबाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने इतिहास पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए।
कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री परमिंदर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह बग्गा, प्रधान गुरुद्वारा शंकरनगर आलमबाग के प्रधान सरदार मनमोहन सिंह सेठी समेत सिख समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## हर बच्चे के लिए हर अधिकार" कैंपेन की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश में छात्रों के लिए समानता की पक्षधर योगी सरकार अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को एक समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में शनिवार से समानता और समावेशन थीम पर आधारित 'हर बच्चे के लिए हर अधिकार अभियान' की शुरूआत की गई। इसके तहत सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पावर एंजिल एवं बाल संसद के नेतृत्व में 25 नवंबर तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य थीम "लैंगिक समानता: सभी छात्र-छात्राओं के लिए समान अवसर, देखभाल और समर्थन: परिवारों, घरों, स्कूलों, खेल, करियर, स्वास्थ्य देखभाल और बाल संरक्षण सुविधाओं, समुदाय और सार्वजनिक जीवन में हर बच्चे के लिए चैंपियन बनें" पर आधारित है।
**मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धन और स्वच्छता पर रहेगा फोकस:** अभियान के तहत आयोजित होने वाली प्रमुख



गतिविधियों में शनिवार को विद्यालय स्तर पर शिक्षक, छात्र, अतिथि वक्ता-अधिकारियों, विशेषज्ञों द्वारा थीम और राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा बनाए गए बच्चों के लिए कानूनों, योजनाओं और लाभों पर चर्चा की गई। इसी तरह, 20 नवंबर को मनोरंजन के साथ सीखें, बाल अधिकार विषय पर प्रश्नोत्तरी, कहानी, कविता, नारा, वाद-विवाद, विज्ञान-परियोजना, हस्तशिल्प, गीत, नृत्य, नाटक आदि का आयोजन होगा। इसी तरह 21 नवंबर को खेलने का अधिकार, खेल दिवस का आयोजन, इंडोर, आउटडोर खेल, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता की जांच जैसी गतिविधियां होंगी। 22 नवंबर को मीना मंच, पावर एंजल्स के नेतृत्व में स्कूल एवं समुदाय में नुक्कड़-नाटक, छात्र पुलिस कैडेट, स्काउट्स और गाइड से संबंधित कार्यक्रम होंगे। वहीं, 23 नवंबर को माता-पिता और समुदाय के लिए बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग, शिल्प की प्रदर्शनी, बाल मेला, बाल अधिकार उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन, करियर पोर्टल, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं साइबर सुरक्षा का मॉकड्रिल जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को जनपद मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन करते हुए।

## बैंक कर्मी ने किसानों के हड़पे 23 लाख रुपए

**कैथल:** जमीन की खरीद-फरोख्त के दौरान बैंक का लोन हटवाने के नाम पर एक बैंक कर्मी ने धोखाधड़ी करते हुए किसानों से बैंक के 23 लाख रुपये हड़प लिए। फील्ड ऑफिसर ने किसानों को दी गई ऋण राशि को बैंक में जमा न करवाकर स्वयं हड़प ली और किसानों को फर्जी नो ड्यूज दे दिया। पुलिस ने रविवार को बैंक प्रबंधक कौशल किशोर की शिकायत पर बैंक के फील्ड ऑफिसर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। ? सीवन पुलिस थाना को दी शिकायत में बैंक प्रबंधक कौशल किशोर ने बताया कि गांव कांगथली निवासी मुलख राज ने 2011-12 में अपनी जमीन पर बैंक से लोन करवाया था। उनकी अचानक मृत्यु के बाद मुलखराज के बेटे देशराज ने यह जमीन गांव के ही नरेंद्र को बेच दी। बाद में पता चला कि जमीन पर 23 लाख रुपये लोन है। इस पर वे दोनों पक्ष बैंक में गए और लोन हटवाने के लिए शिकायत पत्र पत्र दिया। बैंक के फिल्ड आफिसर राजेश ने लोन हटवाने के 23 लाख रुपये मांगे तो उन्होंने राशि का भुगतान कर दिया। बाद में राजेश ने बैंक की राशि जमा करवाए बिना उन्हें लोन हटने का नो ड्यूज दे दिया।

## कर्जमाफी का वादा भूले कांग्रेस के युवराज: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने जयपुर में हवामहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महंत बालमुकुंदाचार्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था, तुष्टिकरण, महिला अत्याचार, पेपर लीक और भ्रष्टाचार को लेकर गहलोत सरकार पर हमला बोला। अनुराग ठाकुर ने कहा- राजस्थान में महिलाएं घर, बाजार, अस्पताल, खेत और सड़क कहीं पर भी सुरक्षित नहीं है। न्याय के लिए पुलिस थानों में पहुंचने पर वहां भी रिश्वत के रूप में महिलाओं की अस्मत मांगी जा रही है।
कांग्रेस गारंटियों के नाम पर जनता को गुमराह करती है, जबकि जयपुर के एसएमएस अस्पताल में शव ढकने के लिए कफन का कपड़ा तक नहीं है। इससे ज्यादा शर्मनाक क्या होगा? केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा- राजस्थान में पिछले पांच



**साधा निशाना**

**कांग्रेस गारंटियों के नाम पर जनता को गुमराह करती है, जबकि अस्पताल में शव ढकने के लिए कफन का कपड़ा तक नहीं**

सालों में कांग्रेस की सरकार महिला अपराधों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हुई है। महिला अपराधों के बारे में सवाल पूछने पर सदन में कांग्रेस के मंत्री राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताकर ठहाके लगाते हैं। प्रदेश के भीलवाड़ा में एक मासूम के साथ गैंगरेप के बाद टुकडे.कर के भट्टी में डाल दिया जाता है।

## 'हवा सुनामी के रूप में बदल चुकी, चुनावी माहौल बीजेपी के पक्ष में'

**टीम एक्शन इंडिया/बीकानेर**
**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने रविवार को बीकानेर में कहा कि हवा सुनामी के रूप में बदल चुकी है, चुनावी माहौल बीजेपी के पक्ष में हो गया है और राज्य में बीजेपी की सरकार बनना तय है। भाजपा के संभाग कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अरुण सिंह ने यह बात कही। इस अवसर पर शहर बीजेपी के अध्यक्ष विजय आचार्य, महामंत्री मोहन सुराणा, दीपक पारीक, महावीर रांका, मुमताज अली भाटी, गोपाल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मनीष सोनी सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। अरुण सिंह ने यह भी कहा कि राज्य के लोगों के मन में सरकार के प्रति भयंकर गुस्सा है, मंत्री-अधिकारी सटोरियों को संरक्षण दे रहे हैं, कानून नाम की कोई चीज नहीं है। कांग्रेस की सरकार ने जनता के हक को लूट लिया इसलिए अब भाजपा की सरकार लानी ही है। बीजेपी की सरकार आने के बाद शांतिप्रिय कानून आएगा और संकल्प पत्र जिसे हम वचन पत्र भी कह सकते हैं को जल्द ही लागू करेंगे। एक प्रश्न के उत्तर में राष्ट्रीय महामंत्री बीजेपी अरुण सिंह बोले कि सामूहिक नेतृत्व में नेता चुनाव लड़ रहे है, सीएम बनाने का काम विधायकों का है।

## राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनते ही पेट्रोल हो जाएगा सस्ता: पुरी

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**केंद्रीय मंत्री** हरदीप सिंह पुरी ने राजस्थान सीएम अशोक गहलोत द्वारा पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने के आरोपों पर पलटवार किया है। पुरी ने कहा, राजस्थान सरकार के वैट नहीं घटाने के कारण पेट्रोल-डीजल दूसरे राज्यों की तुलना में 11 रुपये महंगा मिल रहा है। राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद लखनऊ की तरह पेट्रोल 96 रुपये लीटर हो जाएगा। बता दें कि बीजेपी प्रदेश मीडिया सेंटर पर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने प्रेस वार्ता में कहा,




सीएम के इल्जाम झूठे हैं। दाम बढ़ने की वजह से केंद्र सरकार नहीं, बल्कि राज्य सरकार की ओर से लगाया जा रहा है वेट है। उन्होंने पंजाब सरकार को भी कटघरे में खड़ा किया और कहा कि हम उन्हें एथेनॉल दे रहे हैं और वे इसकी शराब बना रहे हैं। उन्होंने राहुल और प्रियंका गांधी को बंटी बबली बताया।

**दावा**

**दाम बढ़ने की वजह से केंद्र सरकार नहीं, बल्कि राज्य सरकार की ओर से लगाया जा रहा है वैट है: पुरी**

पुरी ने कहा कि कच्चा तेल हम इंपोर्ट करते हैं और रिफाइनरी में रिफाइंड करके सप्लाई किया जाता है। इस पर केंद्र सरकार एक्साइज ड्यूटी और राज्य सरकार वेट लगाती है या सेल्स टैक्स लगाती है।राजस्थान सरकार ने साल 2021 से 22 और 22 से 23 के वित्तीय वर्ष में पेट्रोल-डीजल पर वेट से 35 हजार 975 करोड़ टैक्स कलेक्ट किया है जो देश के 18 राज्यों द्वारा वसूले गए 32 हजार करोड़ रुपये के टैक्स से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा, बीजेपी शासित राज्यों के मुकाबले राजस्थान में पेट्रोल-डीजल 10 से 11 रुपये प्रति लीटर महंगा है। क्योंकि यहां पेट्रोल पर 31.04% और डीजल पर 19.3 प्रतिशत वेट है, जो बहुत ज्यादा है।पेट्रोल-डीजल पर केंद्र सरकार ने दो बार टैक्स कम किए हैं, इसके बावजूद राजस्थान में झूठ फैलाया जा रहा है।

## पटना: दो पक्षों में भिड़ंत, दोनों ओर से गरजीं बंदूके

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**पटना** के मनेर में शराब को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई है। गोलीबारी में गर्भवती महिला की गोली लगने से मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इन्हें इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।
**गोलीबारी में आधा दर्जन लोग घायल हो गए:** घटना की सूचना मिलने के बाद मनेर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले




की छानबीन शुरू कर दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए मनेर थाना प्रभारी ने बताया कि 28 साल की गर्भवती महिला (पूजा देवी) को गोली लगी है। वहीं इस गोलीबारी में राजकुमार राय सहित आधा दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है। घटना के बाद

**गोलीबारी**

**शराब पीने को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद को लेकर एक गुट ने जमकर गोलीबारी शुरू कर दी**

मनेर थाना के सादिकपुर गांव में पुलिस कैंप कर रही है। दानापुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव धीमन ने बताया कि घटना में एक महिला के गोली लगने से मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं।

## बाढ़ व उससे होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सुझाव दिए

**हरिद्वार:** वरिष्ठ भाजपा नेता व लक्सर से पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर लक्सर क्षेत्र में मानसून के दौरान आने वाली बाढ़ व उससे होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। पूर्व विधायक संजय ने सीएम धामी को भेजे पत्र में कहाकि मानसून के दौरान लक्सर क्षेत्र में बाढ़ की विभिषिका देखने को मिलती है। प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण फसल के साथ जन व पशु हानि भी हो जाती है।

## सुरंग के अंदर से आई आवाज: मेरा पेट नहीं भर रहा...

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**मुजफ्फरपुर** बिहार का रहने वाला दीपक कुमार भी सिलक्यारा सुरंग में फंसा है। दीपक के चाचा कृष्णा पटेल सिलक्यारा पहुंचे। पाइपलाइन के जरिए उनकी दीपक से बात करवाई गई। कृष्णा पटेल ने बताया कि दीपक कह रहा है कि उसका पेट नहीं भर रहा, उसे जल्दी बाहर निकालो। 20 वर्षीय दीपक कुमार सिलक्यारा सुरंग में फंसा 41वां श्रमिक है, जिसकी अब तक अंदर फंसे श्रमिकों में गिनती भी नहीं थी। उसके साथियों ने कंपनी प्रबंधन को जानकारी दी कि हादसे के बाद से बूमर मशीन



ऑपरेटर दीपक भी लापता है, वह भी सुरंग के अंदर फंसा है। शुरू में कंपनी प्रबंधन इससे इन्कार करता रहा, लेकिन शुक्रवार को कंपनी प्रबंधन ने जिला प्रशासन को दीपक के सुरंग में फंसे होने की जानकारी दी। वहीं साथियों की सूचना पर दीपक के चाचा कृष्णा पटेल सिलक्यारा पहुंचे। पाइपलाइन के जरिए दीपक से

**टूट रहा सब्र**

**दीपक से बात हुई है, उसने कहा कि उसका पेट नहीं भर रहा है। सुरंग के अंदर बस जीने लायक हवा है**

बात करने के बाद कृषणा बाहर आए तो उनकी डबडबाई आंखें उनके दर्द को साफ बयां कर रही थी। दीपक से बात हुई है, उसने कहा कि उसका पेट नहीं भर रहा है। सुरंग के अंदर बस जीने लायक हवा है।

**सियासत** राजस्थान का रण: राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद डैमेज कंट्रोल किया गया जा रहा है।

## सचिन के किले को बचाने के लिए मैदान में उतरी कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**मुख्यमंत्री** पद को लेकर पांच साल तक अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चल रही सियासी जंग पर अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। जंग का ही नतीजा रहा है कि कांग्रेस के पोस्टर से पायलट गायब कर दिए गए, जिससे सचिन के प्रभाव वाले कांग्रेस के सबसे मजबूत किले पूर्वी राजस्थान पर पार्टी के लिए सियासी खतरा मंडराने लगा। अब इस किले को सुरक्षित रखने के लिए कांग्रेस मैदान में उतर गई है। राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद डैमेज कंट्रोल किया गया जा रहा है। कांग्रेस के चुनावी पोस्टर पर पायलट के फोटो की वापसी की



गई। तीन दिन पहले ही चुनावी सभा में राहुल गांधी ने गहलोत और पायलट का हाथ मिलवाकर सब ठीक होने का संदेश देने की कोशिश की। गहलोत ने एक कदम और आगे बढ़कर एक्स पर सचिन के साथ अपनी फोटो जारी कर 'एक साथ जीत रहे हैं, कांग्रेस फिर से' का संदेश दिया। इसका असर भी होता नजर आ रहा है। चुनाव से दस दिन पहले तक अपनी टोंक सीट तक सीमित पायलट के 18

**एक साथ जीत रहे**

**राहुल गांधी ने गहलोत और पायलट का हाथ मिलवाकर सब ठीक होने का संदेश देने की कोशिश की**

नवंबर को अजमेर और अलवर जिले में प्रचार के चार कार्यक्रम लगे। 2018 के चुनाव की बात करें तो पायलट काफी पहले से पूर्वी राजस्थान सहित पूरे प्रदेश में ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे थे। ऐसे में चुनाव के अंतिम दौर में अचानक पायलट के लिए भी माहौल को बदलना आसान नहीं होगा। कांग्रेस सियासी समीकरण के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर अन्य नेताओं को भी पूर्वी राजस्थान में उतार रही है।
**पूर्वी राजस्थान के 4 जिलों में भाजपा का नहीं खुला था खाता:** जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौसा, सवाईमाधोपुर, टोंक और अजमेर जिले की ज्यादातर सीटों पर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का प्रभाव माना जाता है। पहला सचिन के पिता स्वर्गीय राजेश पायलट दौसा व भरतपुर से सांसद रह चुके हैं। दूसरा सचिन पायलट खुद भी दौसा, अजमेर से सांसद रहे और अभी टोंक से विधायक हैं।

## नागौर में पुलिस जवानों की गाड़ी ट्रक में जा घुसी, छह की मौत, तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नागौर**
**राजस्थान** के नागौर में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पुलिस जवानों से भरी गाड़ी ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में छह पुलिस जवानों की मौत हो गई। तीन अन्य पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी पुलिस जवान चुनाव ड्यूटी के लिए जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, अत्यधिक थकान और लगातार ड्यूटी बनी हादसे की वजह, जिन पुलिस कर्मियों की हादसे में मौत हुई वे लगातार तीन दिन से ड्यूटी पर ही थे। वहीं,



दूसरे दिन नागौर में ढट मोदी की रैली में दिनभर, इसके बाद ट्रैफिक को निकालने में रात तक ड्यूटी किए। इसके बाद रात नौ बजे आदेश आया कि तुरन्त जाब्ता झुंझुनूं रिपोर्ट करे। वहां से रढ अगले दिन जाब्ते को बीकानेर भेजा जाना था। इस लंबी ड्यूटी की आपाधापी, गहरी थकान और एक जिले से दूसरे जिले में जाने के लिए किसी संसाधन का इंतजाम नहीं होना। अपने स्तर पर ही गन्तव्य तक पहुंचने के लिए खुद ही गाड़ी का इंतजाम किए। चूरू के पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक ने बताया कि हादसा सुजानगढ़ सदर थाना क्षेत्र में हुआ है। पुलिसकर्मी चुनावी बैठक में शामिल होने तारानगर जा रहे थे। मृतक पुलिसकर्मियों की पहचान खींवसर थाने के एएसआई रामचन्द्र, कांस्टेबल कुंभाराम, सुरेश मीना, थानाराम और महेंद्र के रूप में हुई है।